भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 3105
गुरुवार, 18 दिसम्बर, 2025/27 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

हेलीकॉप्टर कॉरिडोर

3105. श्रीमती विजयलक्ष्मी देवीः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देशभर के सभी राज्यों से हेलीकॉप्टर सेवाएं शुरू करने के लिए हेलीकॉप्टर कॉरिडोर स्थापित करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस कार्य योजना को पूरा करने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) बिहार में बनाए जाने वाले हेलीकॉप्टर कॉरिडोर का जिला और स्थान-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग)**:** आरसीएस-उड़ान योजना की बोली प्रक्रिया के दूसरे दौर के दौरान और उसके बाद के दौरों के तहत, विभिन्न हेलीपैड की पहचान की गई और पर्वतीय इलाकों और दूर-दराज के क्षेत्रों में संपर्क प्रदान करने के लिए प्रचालकों को हेलीकॉप्टर मार्ग अवार्ड किए गए। आठ प्राथमिकता वाले राज्यों नामतः अरुणाचल प्रदेश, असम, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, सिक्किम और उत्तराखंड में 15 हेलीपोर्टों को जोड़ने के लिए कुल 80 आरसीएस हेलीकॉप्टर मार्गों को प्रचालनरत किया गया है।

सरकार ने अगले 10 वर्षों में 4 करोड़ यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के लिए देशभर के 120 नए गंतव्यों के लिए क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने के लिए संशोधित उड़ान योजना शुरू करने की घोषणा की है। यह योजना पर्वतीय, आकांक्षी और उत्तरी पूर्व क्षेत्र के जिलों में हेलीपैड और छोटे हवाईअड्डों को भी सहयोग प्रदान करेगी। यह योजना वर्तमान में संरचना स्तर पर है।

*****